प्रमोद कुमार शुक्ला

चर्चा में क्यों?

18 अगस्त, 2021 को **केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग** द्वारा वर्ष 2021 के लिये शिक्षकों को दिये जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार की सूची घोषित की गई, जिसमें **छत्तीसगढ़ के बस्तर ज़िले के करपावण्ड-बकावण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के व्याख्याता प्रमोद कुमार शुक्ला** का नाम भी शामिल है।

प्रमुख बिंदु

- इस वर्ष देश भर के 44 शिक्षकों का राष्ट्रपति पुरस्कार के लिये चयन हुआ है, जिन्हें राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। प्रमोद शुक्ला इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले राज्य के एकमात्र शिक्षक हैं।
- प्रमोद शुक्ला का चयन जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत ईएमआरएस कोटा में हुआ है।
- इनके अलावा छत्तीसगढ़ से शिक्षा विभाग ने तीन शिक्षकों के नाम चयनित कर राष्ट्रपति पुरस्कार के लिये भेजे थे, लेकिन नेशनल ज्यूरी ने इनका चयन नहीं किया।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में **आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग** द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का संचालन किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pramod-kumar-shukla